डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2024 e-आवेदन हेतु आवेदन शुल्क निम्नवत् होगा - –

सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी	**रू0 700**
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	**रू0 500**
विकलांग श्रेणी	**रू0 200**

i. ऑन-लाइन आवेदन पंजीकरण करने के बाद आवेदक ऑन-लाइन पंजीकरण संख्या के सापेक्ष निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करेंगे।

ii. पंजीकरण के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैकिंग/ ए0टी0एम0 कार्ड/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ UPI व अन्य प्रचलित पेंमेट के माध्यम से वेबसाइट पर उपलब्ध Link के द्वारा तुरन्त किया जा सकेगा। आवेदन शुल्क जमा करने हेतु बैंक द्वारा निर्धारित सेवा शुल्क अभ्यर्थी द्वारा देय होगा।

iii. आवेदन शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी का डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन पूर्ण माना जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा किये गये ऑनलाइन पेंमेंट के सापेक्ष बैंक द्वारा Payment Confirm होने की स्थिति में ही अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने के अग्रिम चरण को पूर्ण कर आवेदन का प्रिंट ले पाएगा। ऑनलाइन माध्यम से आवेदन शुल्क, आवेदन हेतु निर्धारित वेबसाइट पर दिये गये Payment Link के अतिरिक्त किसी अन्य बैंक/माध्यम से भुगतान किया जाना सम्भव नही होगा।

iv. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन शुल्क का भुगतान किये जाने एवं आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण किये जाने के उपरान्त किसी भी स्थिति में जमा किया गया आवेदन शुल्क वापस (Refund) नहीं किया जाएगा।